मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-60
01/02/2019

केन्द्रीय बजट सकारात्मक एवं स्वागतयोग्य है :– मुख्यमंत्री

पटना 01 फरवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने केन्द्रीय बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा कि यह बजट सकारात्मक एवं स्वागतयोग्य है। बजट में देश के सभी किसानों के खाते में सीधे छह हजार रूपये प्रतिवर्ष देने के फैसले का मुख्यमंत्री ने स्वागत किया और कहा कि इस फैसले से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी। बजट में असंगठित क्षेत्र में काम कर रहे लोगों को प्रतिमाह तीन हजार रूपये पेंशन देने के प्रावधान को भी मुख्यमंत्री ने सही कदम बताया है। मुख्यमंत्री ने आयकर की सीमा को ढ़ाई लाख रूपये से बढ़ाकर पॉच लाख रूपये किये जाने को बेहतर कदम बताते हुये कहा कि इससे मध्यम वर्ग को राहत मिलेगी।

******